INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Worksheet No: 13	**Topic: -** संवाद लेखन	**Note: Pl.** Note: Pl. write in your note book

विषय - संवाद लेखन

प्रश्न - मालिक तथा नौकर के बीच में संवाद लिखिए |

मालिक नौकर से – रामू! अरे रामू कहाँ हो तुम?कितनी देर से बुला रहा हूँ ?

नौकर- आया मालिक ।

मालिक- मैंने कल तुम्हें बताया था कि आज मेहमान आने वाले हैं। घर की साफ़-सफाई की है या नहीं?

नौकर- जी मालिक कर रहा हूँ।

मालिक-तुम्हारी मालकिन ने कहा है कि जल्दी से बाज़ार से सब्जी लेकर आओ।

नौकर - अभी जाता हूँ।

(नौकर 1 घंटे के बाद आता है)

मालिक-अरे रामू!तुम्हें पता था मेहमान आने वाले हैं,फिर तुमने इतनी देर कहाँ लगा दी?

नौकर- मालिक रास्ते में जाम लगा हुआ था।

मालिक-लेकिन हमारे घर के पास ही तो बहुत सारी सब्जी की दुकाने हैं ।

मालिक- मैं सब्जी मंडी गया था।

मालिक - लेकिन मैंने तुम्हें कहा था कि जल्दी सब्जी लेकर आना फिर तुम इतनी दूर क्यों चले गए थे?

नौकर- मालिक मैंने सोचा सब्जी मंडी से सब्जी सस्ती मिलती है।

मालिक- यही तो तुम्हें समझाने की कोशिश करता रहता हूँ कि समय के **महत्त्व** को समझो तथा समय के अनुरूप काम किया करो ।

नौकर - जी मालिक आगे से ध्यान रखूँगा।

मालिक- अब जाओ और जल्दी से अपनी मालकिन की सहायता करो।

नौकर -जी मालिक।